LIBRARY

School of Planning And Architecture ,Bhopal

S.No.27 (October 2024)

दैनिक इंटीग्रेटेड ट्रेड डेवलपमेंट सेंटर न्यूज़ 24/10/2024

रचनात्मक सुधारों से हो सकता है जलवायु अनुकूल अलीराजपुर का सपना पूराः कलेक्टर



कार्यशाला में कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर

अलीराजपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय भोपाल के विद्यार्थियों का 18 सदस्यीय दल के द्वारा शैक्षणिक अभ्यास के रूप में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभा कक्ष में यूनिसेफएमपी के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास की उपस्थित में अलीराजपुर जिले के लिए जलवायु लचीला स्थानिक योजना नामक विषय पर पीपीटी एवं वीडियो फिल्म द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस कार्यशाला में संबोधित विद्यार्थियों द्वारा जिले के भौगोलिक एवं जलवायु परिवर्तन से जल जंगल जमीन में होने वाले बदलावों के अनुकूल एवं मानव संसाधनों को ध्यान में रखते हुए अलीराजपुर नगरीय क्षेत्र ग्राम पंचायत मथवाड़ अकादिया हथालीखेडा छोटा इंटारा आदि ग्रामों का सर्वे किया गया। उपस्थित छात्रों ने बताया कि उन्होंने एक सप्ताह से अधिक समय तक जिले में विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों का अध्ययन किया। इस आधार पर मिट्टी, मौसम और वेजिटेशन के नक्शे ड्रोन एवं सेटेलाईट के माध्यम से तैयार किए। अलीराजपुर जिला जलवायु परिवर्तन की वजह से मुख्यता खाद्यान्न की कमी कुपोषण, पलायन एवं जंगलों के निम्नीकरण की परेशानी से जुझ रहा है । उन्होंने बताया कि बाल एवं पौढ़ शिक्षा, कौशल विकास ईको टूरिज्म एनदियों का पुनःउद्धार आदि के द्वारा किया जा सकता है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित समस्त छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप लोगों द्वारा जिले के विभिन्न इलाकों में जाकर और वहां के ग्रामीणों से चर्चा कर जो जो सर्वे किया बहुत प्रशंसनीय है उन्होने उपस्थित छात्राओं से अलीराजपुर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने एवं अपराधियों आदि के संबंध में प्रोजेक्ट बनाने का आग्रह किया ताकि भविष्य में यातायात को सुचारू किया जा सके और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए व्यक्तिगत डेटा तैयार किया जा सकें।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने उपस्थित छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि जिले की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखकर जो स्टडी प्रस्तुति दी गई है वह जिला प्रशासन के नवाचार के अवसर देगी और जिले की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के सुधार ने के लिए कारगार साबित होगी। उन्होने बताया कि अलीराजपुर जिले की भौगोलिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति के कारण अलग चुनौतिया प्रस्तुत करती है एवं इन नवाचारों एवं अध्ययन दल द्वारा दिए गए रचनात्मक सुझावों से ही इन चुनौतियों से लडा जा सकता है एवं जलवायु अनुकुल अलीराजपुर जिला बनाने का सपना पुरा किया जा सकता है।

ये रहे थे उपस्थित...

इस कार्यशाला में यूनीसेफएमपी से श्री अनिल गुलाटी, योजना एवं वास्तुकला विद्यालय भोपाल के प्रोफेसर डॉ. रमा पांडे, ऋषा राजे, सोनल तिवारी मृण्मयी वाडवेकर उपस्थित थे । इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी तपीस पांडे, उप जिला निर्वाचन सुश्री प्रियांशी भंवर डिप्टी कलेक्टर जीपी अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि मिश्रा सहित संबधित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव एवं जिले के संबधित अधिकारी उपस्थित थे।